# वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद

अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली–110001

सं. 6–9(53)/78/2004–ई–3

दिनाँक 12.10.2021

## कार्यालय ज्ञापन

भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुपालन में सीएसआईआर द्वारा निर्गत पत्र सं. 5–1(17)/2008–पीडी दिनाँक 04.02.2021 एवं 12.03.2021 के अनुसार लॉकडाउन की अवधि में पूरे कैलेण्डर माह में कार्यालय न आकर घर से ही कार्य निपटाने वाले व उस दौरान कार्यालय द्वारा प्रदत्त वाहन का प्रयोग कर कार्यालय आने वाले सभी वैज्ञानिकगण/अधिकारीगण/कर्मचारीगण मासिक भत्ता के हकदार नही हैं।

उपरोक्त संदर्भ में सभी विभाग के प्रमुखों से अनुरोध है कि वे कृपया अपने विभागों में कार्य करने वाले उन वैज्ञानिकों/अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूचना मुहैया कराने का कष्ट करें जिन्होंने अप्रैल, मई, जून, जुलाई 2020 व अप्रैल, मई, जून, जुलाई 2021 में पूरे कैलेण्डर माह में कार्यालय न आकर घर से ही कार्य का निपटारा किया हो या कार्यालय द्वारा प्रदत्त वाहनों से कार्यालय आए हों।

उपरोक्त सूचना दिनाँक 31 अक्टूबर 2021 तक केन्द्रीय कार्यालय में कृपया दे दी जाए।

12/10/2021

(रंजीत प्रसाद यादव)
अनुभाग अधिकारी

प्रतिः

1. माननीय अध्यक्ष, सीएसआईआर का कार्यालय
2. महानिदेशक सीएसआईआर का कार्यालय
3. संयुक्त सचिव (प्रशासन) सीएसआईआर का कार्यालय
4. वित्तिय सलाहकार, सीएसआईआर का कार्यालय
5. मुख्य सतर्कता अधिकारी, सीएसआईआर का कार्यालय
6. विधि सलाहकार, सीएसआईआर का कार्यालय
7. सीएसआईआर मुख्यालय के निदेशालयों के प्रमुख
8. सीएसआईआर मुख्यालय के सभी प्रभागों/अनुभागों के प्रमुख
9. आई.टी.प्रभागः इस कार्यालय ज्ञापन को इंटरनेट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ
10. कार्यालय प्रति